उत्तर प्रदेश नर्सेज एवं मिडवाइब्ज कौन्सिल

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ - 226001

फोन : 0522 - 2238846, 2236600, फैक्स : 0522-2237800

पत्रांक सं० 2189/20 दिनांक 17/06/2020

अति आवश्यक/
अत्यन्त महत्वपूर्ण

सेवा में,

प्रधानाचार्य/प्रबन्धक,
समस्त स्नातक/परास्नातक नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्र ,
उत्तर प्रदेश।

विषय–स्नातक/परास्नातक नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्रों से उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं के रजिस्ट्रेशन के लिए ऑनलाईन आवेदन के संबंध में।

महोदय/महोदया,

समस्त स्नातक/परास्नातक स्तरीय नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्रों को सूचित किया जाता है कि उ0प्र0 नर्सेज एवं मिडवाइब्ज कौंसिल में नर्सिंग शिक्षण संस्थानों से उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं के रजिस्ट्रेशन के लिए ऑनलाईन आवेदन शुरू हो चुके है।

अतः संस्थान से उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं का विश्वविद्यालय द्वारा जारी किया गया परीक्षा परिणाम (गजट) की प्रमाणित प्रति के साथ निरन्तरता शुल्क की रसीद भी भेजना सुनिश्चित करें।

उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी की शासी समिति की बैठक दिनॉक 21.06.2019 में लिये गये निर्णय के क्रम में बी0एससी0–नर्सिंग, पोस्ट बेसिक बी0एससी0–नर्सिंग एवं एम0एससी0–नर्सिंग प्रशिक्षण संचालित कर रहे निजी प्रशिक्षण केन्द्रों द्वारा रूपया 35,000/– (पैतीस हजार रूपया) प्रति वर्ष प्रति कोर्स निरन्तरता शुल्क के रूप में उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी में जमा कराना अनिवार्य होगा। निरन्तरता शुल्क के अभाव में संस्थान से उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं का पंजीयन उ0प्र0 नर्सेज एवं मिडवाइब्ज कौंसिल में नहीं किया जायेगा।

भवदीय,

रजिस्ट्रार,
उ0प्र0 नर्सेज एवं मिडवाइब्ज कौंसिल